University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 25 July 2021

UNIVERSITY OF LUCKNOW
LIGHT AND LEARNING

**i-NEXT PAGE 4**

## बीएड एग्जाम से बदलेंगी यूजी-पीजी एग्जाम की डेट

**LUCKNOW(24 July): संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की नई तिथि छह अगस्त जारी होने के बाद अब उस दिन किसी भी राज्य विश्वविद्यालयों में स्नातक और परास्नातक की सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाएं नहीं होंगी. लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों को पांच से सात अगस्त तक की परीक्षाएं स्थगित कर नई तिथियां जारी करनी होंगी. इस संबंध में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों को निर्देश भेज रहा है. शासन ने लगातार तीसरी बार संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2021 की तिथि में बदलाव किया है. अब छह अगस्त की तिथि फाइनल कर दी गई है. प्रवेश की परीक्षा राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा के दिन किसी अन्य प्रकार की परीक्षाएं नहीं होंगी. उसकी तैयारी के लिए पांच से सात अगस्त तक प्रस्तावित परीक्षाएं स्थगित करने के लिए निर्देश भेजे जा रहे हैं. लविवि के परीक्षा विभाग ने इसके हिसाब से तैयारी भी शुरू कर दी है. जल्द ही सेमेस्टर परीक्षाओं का नया शेड्यूल जारी किया जाएगा.**

**JAGRAN CITY PAGE I**

**संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा** | लखनऊ विश्वविद्यालय सहित सभी राज्य विश्वविद्यालयों में पांच, छह और सात अगस्त को प्रस्तावित थीं परीक्षाएं

## यूजी-पीजी परीक्षाएं स्थगित, जल्द जारी होंगी नई तिथियां

जासं, लखनऊ : संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की नई तिथि छह अगस्त जारी होने के बाद अब उस दिन किसी भी राज्य विश्वविद्यालयों में स्नातक और परास्नातक की सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाएं नहीं होंगी। लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों को पांच से सात अगस्त तक की परीक्षाएं स्थगित कर नई तिथियां जारी करनी होंगी। इस संबंध में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों को निर्देश भेज रहा है।

शासन ने लगातार तीसरी बार संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2021 की तिथि में बदलाव किया है। अब छह अगस्त की तिथि फाइनल कर दी गई है। प्रवेश की परीक्षा राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा के दिन किसी अन्य प्रकार की परीक्षाएं नहीं होंगी। उसकी तैयारी के लिए पांच से सात अगस्त तक प्रस्तावित परीक्षाएं स्थगित करने के लिए निर्देश भेजे जा रहे हैं। लविवि के परीक्षा विभाग ने इसके हिसाब से तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही सेमेस्टर परीक्षाओं का नया शेड्यूल जारी किया जाएगा।

**06** अगस्त को होनी है संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा

**05** से सात अगस्त तक प्रस्तावित परीक्षाएं स्थगित करने के लिए भेजे जा रहे निर्देश



**पुराने एडमिट कार्ड से भी दे सकेंगे प्रवेश परीक्षा:** बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि पहले 30 जुलाई थी। इसी आधार पर संशोधित तिथि के प्रवेश पत्र अपलोड किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी 28 जुलाई से चार अगस्त तक इसे डाउनलोड कर सकेंगे।

जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिए हैं, उन्हें भी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने दिया जाएगा, क्योंकि सिर्फ तिथि में बदलाव हुआ है। परीक्षा केंद्र पहले वाला ही आवंटित है। इसके अलावा यदि चाहें तो फिर से नई तिथि का एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा में 5,91,305 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## सर्वाधिक अंक पाने वालों को मिलेगी छात्रवृत्ति

जासं, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय से बीए अर्थशास्त्र के साथ सर्वाधिक अंक पाने वाले और एमए अर्थशास्त्र में प्रवेश लेने वाले एक छात्र या छात्रा को छात्रवृत्ति दी जाएगी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष और लविवि के पूर्व छात्र डा. राजीव कुमार ने अपने पिता विद्या प्रकाश के नाम से इसे शुरू किया है। इस छात्रवृत्ति में मेरिट के आधार पर तीन छात्र-छात्राओं का नाम शार्ट लिस्ट किया गया है। इनमें से एक को यह सुविधा दी जाएगी।

लविवि में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल न बताया कि डा. राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय ने सन 1978 में अर्थशास्त्र विषय में पीएचडी की थी। उन्होंने अपने पिता के नाम से छात्रवृत्ति शुरू की है। हर साल एक छात्र का इसके लिए चयन किया जाएगा। उसे दो साल तक एक हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020-21 के लिए कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक और विभागाध्यक्ष की कमेटी ने जो तीन नाम (सारा 73.44 प्रतिशत, जनप्रीत कौर 73.22 प्रतिशत, गरिमा सिंह 72.77 प्रतिशत ) शार्ट लिस्ट किए हैं। उन्हें उपस्थिति सहित अन्य दस्तावेजों की जांच के लिए अगले सप्ताह विभाग में बुलाया जाएगा।

सर्वाधिक अंकों वाले को यह छात्रवृत्ति दी जाएगी। हमारी कोशिश है कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में डा. राजीव खुद लविवि में आकर यह छात्रवृत्ति दें।